उत्तर प्रदेश के सभी ज़िलों में बनेगा डाटा सेंटर

चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि राज्य के हर ज़िले में व्यूनाऊ इंफोटेक कंपनी द्वारा डाटा सेंटर के लिये इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। इस संबंध में राज्य के औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार और व्यूनाऊ इंफोटेक कंपनी के एमडी सुखविंदर सिंह खरौर ने 13500 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं।

प्रमुख बिंदु

- दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश तेज़ी से ग्लोबल डाटा सेंटर ऑपरेटरों के लिये पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है और एमओयू हस्ताक्षर के बाद राज्य में एज डाटा सेंटर का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित होगा।
- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा देने के लिये राज्य में एक विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी बुनियादी ढाँचा तैयार करने के लिये कदम उठा रही है। इसी दिशा में राज्य में डाटा सेंटर स्थापित किये जाएंगे।
- कंपनी के एमडी सुखविंदर सिंह ने बताया कि व्यूनाऊ इंफोटेक कंपनी राज्य के सभी 75 ज़िलों में 750 डाटा सेंटर स्थापित करने के लिये प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा पहला पायलट डाटा सेंटर मोरटा गाज़ियाबाद में पहले ही चालू कर दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि आईटी विभाग ने अब तक राज्य में कई हाइपरस्केल डाटा सेंटर पार्क और इकाइयाँ स्थापित करने के लिये 75,000 करोड़ रुपए निवेश को आकर्षित किया है, जिनमें से 20,000 करोड़ रुपए जून 2022 में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 3.0 के दौरान लॉन्च किये गए थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/data-centers-will-be-built-in-all-districts-of-uttar-pradesh